**Space Quiz Competition and Oath**
**23-08-2024**

On the occasion of National Space Day, a space quiz was organized under the joint supervision of Chemistry Department and Student Welfare Committee. This program is organized by Principal Dr By the direction of Rishipal Dr. Radhika Khanna and Dr. Done with Nancy Gulati combination. At the same time, college students pledged to celebrate National Space Day while participating in the oath organized by the University Grant Commission. Dr. Radhika Khanna said in her address that programs like this not only inform students about new dimensions in the field of science, but also develop logical thinking and problem-solving skills. He said such activities are crucial for the overall development of students. Dr. Nancy Gulati praised students' active participation in the quiz event and encouraged them to participate in more such events in the future. Teachers and students from different departments of the college were present on this occasion. The winners were awarded at the conclusion of the program, giving incentive prizes to all the participants.



**राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर रसायन विभाग और छात्र कल्याण समिति के सयुंक्त तत्वावधान में अंतरिक्ष क्विज का आयोजन**

**निसिंग, 23 अगस्त ( जोगिंद्र सिंह ) :** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल कैथल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर रसायन विभाग और छात्र कल्याण समिति के सयुंक्त तत्वावधान में एक अंतरिक्ष क्विज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के निर्देशन से डॉ. राधिका खन्ना व डॉ. नैन्सी गुलाटी के संयोजन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना था, विशेषकर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष, खगोलशास्त्र और अन्य संबंधित विषयों पर आधारित सवालों के उत्तर देकर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित शपथ में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की प्रतिज्ञा ली।डॉ. राधिका खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नए आयामों से अवगत कराते हैं, बल्कि उनमें तार्किक सोच और समस्या समाधान कौशल भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। डॉ. नैन्सी गुलाटी ने क्विज के आयोजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में और भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति कॉलेज परिवार प्रतिबद्ध है।

